
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 11.02.2024 से 17.02.2024)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# पंचकूला स्थित जैन भवन में प्रबुद्ध नागरिकों से मुलाकात

(दिनांक 11.02.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज **सेक्टर 15, पंचकूला स्थित जैन भवन में प्रबुद्ध नागरिकों को संबोधित कर कहा कि वर्तमान सरकार जातिगत राजनीति से उपर उठकर गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों की भलाई के लिए कार्य कर रही है।**

उन्होने कहा कि इनके कल्याण से ही देश एक विकसित राष्ट्र बनेगा। इस अवसर पर हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता जी भी उपस्थित थे। इससे पूर्व माननीय मुख्यमंत्री जी ने कल्याणी माता मंदिर सेक्टर 15, पंचकूला में माथा टेक आशीर्वाद लिया और मंदिर के मुख्य द्वार की साफ सफाई कर धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बडी लोकतांत्रिक पार्टी है। देश में अनेक राजनीतिक पार्टियां है परंतु यदि लोकतांत्रिक तरीके से चलने वाली कोई पार्टी है तो वह भारतीय जनता पार्टी हैं। उन्होंने कहा कि हम लोकतांत्रिक मूल्यों में अटूट विश्वास रखने वाले हैं, प्रदेश सरकार हर नागरिक के जनहित में कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि **वर्तमान हरियाणा सरकार प्रयोगधर्मी सरकार है और लोगों की भलाई और उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए अनेक नए प्रयोग किए गए है।**

परिवार पहचान पत्र कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की शुरूआत में विपक्ष के विरोध का भी सामना करना पड़ा परंतु आज परिवार पहचान पत्र कार्यक्रम की हर तरफ प्रशंसा हो रही है। **हरियाणा संभवतः इस अनूठे कार्यक्रम को शुरू करने वाला देश का प्रथम**

# साप्ताहिक सूचना पत्र



**राज्य है।** लोगों से संवाद करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आयुष्मान भारत, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता जैसी अनेकों कल्याणकारी योजनाओं से लाखों लोग लाभान्वित हुए है।

इन **योजनाओं का सबसे अधिक लाभ गरीब लोगों को हुआ है। उन्होने कहा कि गरीब की चिंता हम सबको करनी है, इसके लिए सरकार के साथ साथ अन्य संस्थाओं को भी आगे आना होगा।**

उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से पूरे देश में उत्साह का माहौल है। आज देश का बच्चा–बच्चा कह रहा है कि भारत में रामराज की नींव रखी जा चुकी है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जिला रोहतक में कार्यक्रम

(दिनांक 12.02.2024)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज **जिला रोहतक में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश सरकार के लिए गरीब का अधिकार सबसे पहले है।** सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से गरीब परिवारों की पहचान की है और प्रदेश की 2.80 करोड़ जनता मेरा परिवार है, **प्रदेशवासियों की हर तकलीफ का समाधान सरकार द्वारा किया**



# साप्ताहिक सूचना पत्र

**जायेगा।** राज्य सरकार प्रदेश में भौतिक विकास के साथ–साथ संस्कारवान मानव निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में पुरानी व्यवस्थाओं को बदला है। जन हितैषी कार्यों को समयबद्ध तरीके से करने के लिए कुछ शक्तियां विभागों को सौंपी गई है तथा पारदर्शी प्रणाली बनाई गई है।

**राज्य सरकार हरियाणा एक–हरियाणवी एक के मूल मंत्र के तहत कार्य कर रही है तथा उनके लिए सभी प्रदेशवासी एक समान है।** अपने पैतृक घर को ई–लाइब्रेरी बनाने के लिए समाज को दान में दिया है तथा अपने हिस्से की तीन एकड़ भूमि में से एक एकड़ भूमि भी दान में दे दी है।

सरकार द्वारा प्रदेश में एक हजार ई–लाइब्रेरी स्थापित की गई है तथा युवाओं को सुविधा प्रदान करने के लिए हर गांव में ई–लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है। **बिना पर्ची–बिना खर्ची तथा मेरिट के आधार पर नौकरी देने की प्रदेश सरकार की नीति से युवाओं का अब पढ़ाई में विश्वास बहाल हुआ है। वर्ष 2014 के बाद देश व प्रदेश में शासन व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है। माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में भारत आगामी 5 वर्ष में विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरेगा।**

माननीय प्रधानमंत्री जी ने पुरानी विचारधारा को बदलते हुए अच्छे कार्य का समर्थन तथा गलत कार्य का विरोध करने की विचारधारा को अपनाया है। **आज विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है तथा विदेशों में भारतीयों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।**

**गत 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से राम राज्य की कल्पना साकार हुई है।** हरियाणा में 2014 से पूर्व सीएलयू एवं लाइसेंस के नाम पर धंधे चलते थे। अब इन सबके अधिकार संबंधित विभाग को सौंप दिए गए हैं।

# भिवानी जिले की 13 ओडीआर सड़कों के सुधार कार्य को मंजूरी

(दिनांक 12.02.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने **भिवानी जिले की 13 ओडीआर सड़कों की विशेष मरम्मत एवं सुधार के लिए प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की।** इस प्रोजेक्ट पर 9.39 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आएगी। इन परियोजनाओं में 25.36 लाख रुपये की लागत से भिवानी जिले में गांव कौंट मानहेरू से नांगल तक 0.350 कि.मी. सड़क, 48.49 लाख रुपये की लागत से गांव नवा से लोहानी 3.900 कि.मी. सड़क 1.13 करोड़ रुपये की लागत से 1.900 कि.मी. लंबी संजय मेमोरियल इंस्टिट्यूट एप्रोच सड़क, 12.14 लाख रुपये की लागत से 0.265 कि.मी. कृष्णा कॉलोनी एप्रोच सड़क तथा 43.36 लाख रुपये की लागत से सिटी रेलवे स्टेशन रोड से भिवानी चांग रोड 0.350 कि.मी. तक का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल है। 64.95 लाख रुपये की लागत से 1.400 कि.मी. मानहेरू से मध–माधवी सड़क, 2.04 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गांव नीमरीवाली से रूपगढ़ तक 4.20 कि.मी. सड़क, 70.25 लाख रुपये की लागत से गांव रूपगढ़ नंदगांव नरसिंहवास 5.250 कि.मी. सड़क, 80.90 लाख रुपये की लागत से गांव धिराणा कलां–राजगढ़ 4.225 कि.मी. सड़क, 1.37 करोड़ रुपये की लागत से, गांव धारेरू से बडाला 3.150 कि.मी. सड़क तथा 95.35 लाख रुपये की लागत से गांव मानहेरू से हिंडोल 3.200 कि.मी. सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसके **अतिरिक्त 2 अन्य सड़कों के मरम्मत कार्यों को भी मंजूरी दी गई।** ये पहल हरियाणा सरकार की बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है और सड़क नेटवर्क और कनेक्टिविटी में सुधार होने से जनता को बहुत लाभ होगा।

# माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया AIIMS का शिलान्यास

(दिनांक 16.02.2024)

प्रभाव : माननीय प्रधानमंत्री जी ने किसानों, खिलाड़ियों और वीरों की धरती हरियाणा को आज एक बार फिर से **9770 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी है।** उन्होंने आज देश के **22वें एम्स की घोषणा को मूर्तरूप देते हुए जिला रेवाड़ी के माजरा मुस्तिल भालखी गांव में लगभग 1650 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का शिलान्यास किया।** यह संस्थान हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में मील का पत्थर साबित होगा, जो हरियाणावासियों तथा अन्य प्रदेशों के लोगों को उच्च स्तर की आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। **रेल**



# साप्ताहिक सूचना पत्र



**तंत्र को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए वर्चुअल माध्यम से 5450 करोड़ रुपये की लागत की गुरुग्राम मेट्रो परियोजना का भी शिलान्यास किया।** गुरुग्राम मेट्रो लाइन नये गुरुग्राम को पुराने गुरुग्राम से जोड़ेगी, जिससे यात्रा के समय में बचत होगी। कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री जी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्चुअल माध्यम से ही 470 करोड़ रुपये की लागत से भिवानी–डोभ भाली रेल लाइन, 410 करोड़ रुपये की लागत से मानहेरू–बवानी खेड़ा रेल लाइन, 350 करोड रुपये की लागत से रेवाड़ी दृकाठूवास रेलवे लाइन तथा 310 करोड़ रुपये की लागत से काठूवास –नारनौल रेल लाइन दोहरीकरण परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इन लाइनों के दोहरीकरण होने से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और यातायात व माल ढुलाई सुगम होगी।

उन्होंने **890 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रोहतक–महम–हांसी नई रेलवे का भी शुभारंभ किया और झंडी दिखाकर इस लाइन पर पहली रेल सेवा की शुरुआत भी की।** इस रेल लाइन से हिसार से दिल्ली को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। माननीय **प्रधानमंत्री जी ने धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 240 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ज्योतिसर अनुभव केंद्र का भी उद्घाटन किया।** इस अनुभव केंद्र में महाभारत की कहानी से

# साप्ताहिक सूचना पत्र




संबंधित कलात्मक, विषयगत और मल्टीमीडिया कथा प्रदर्शनी की जाएगी। यह संग्रहालय टच इंटरैक्टिव डिस्प्ले, एल.ई.डी दीवारें, प्रोजेक्शन स्क्रीन, इमर्सिव रूम, काइनेटिक्स इंस्टॉलेशन आदि जैसी प्रयोगात्मक तकनीकों के साथ बनाया गया है। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसमें प्राचीन भारत से वर्तमान के गौरवशाली भारत की तुलना देखने को मिलेगी, जिससे आने वाली पीढ़िया प्रेरित होगी। माननीय माननीय प्रधानमंत्री ने एम्स व अन्य परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करने उपरांत समारोह में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि रेवाड़ी की वीर धरा पर हरियाणा की जनता से आने वाले वर्षों में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए अपना सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने हरियाणा को अद्भुत संभावनाओं का राज्य बताते हुए कहा कि हरियाणा निवेश के लिए उत्तम राज्य के रूप में उभर रहा है और निवेश बढ़ने से नौकरियों के अवसरों में भी

# साप्ताहिक सूचना पत्र



वृद्धि होगी। **डबल ईंजन की सरकार विकसित हरियाणा बनाने में जुटी है, जिससे आज की युवा पीढ़ी का भविष्य उज्जवल होने वाला है।** टेक्नोलॉजी से टेक्सटाइल और टूरिज्म से ट्रेड तक राज्य में हर क्षेत्र में नए अवसर बढ़ने से युवाओं को रोजगार व स्व रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय मुख्यमंत्री जी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। **वर्ष 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने मुझे पीएम के उम्मीदवार के रूप में घोषित किया था, तो मेरा पहला कार्यक्रम रेवाड़ी में हुआ था। उस समय रेवाड़ी ने 272 पार का आशीर्वाद दिया था, जो मेरे लिये सिद्धि बन गया।**

**अब जनता कह रही है कि फिर एक बार रेवाड़ी आया हूँ तो आपका आशीर्वाद मिलेगा और अब की बार एनडीए सरकार 400 पार।** जिस प्रकार आज दुनिया में भारत को सम्मान मिलता है, वह मोदी का सम्मान नहीं, बल्कि हर भारतीय का सम्मान है। भारत का तिरंगा चंद्रमा पर वहाँ पहुंचा, जहाँ कोई नहीं पहुँच सका। **पिछले 10 वर्षों में भारत 11 वें नंबर से ऊपर उठकर पांचवें नंबर की आर्थिक महाशक्ति बना है, ये भी जनता के आशीर्वाद से हुआ है** और अब अगली टर्म में जनता के आर्शीवाद से भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाना है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि **विकसित भारत बनाने के लिए हरियाणा का विकसित होना भी बहुत जरूरी है** और इसी कड़ी में

# साप्ताहिक सूचना पत्र

आज हरियाणा के लिए लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया है। इन परियोजनाओं में श्री कृष्णा सर्किट योजना के तहत ज्योतिसर में बना अनुभव केंद्र भी शामिल है।

**रेवाड़ी मोदी की गारंटी का सबसे पहला गवाह है। जब पीएम पद के उम्मीदवार के रूप में मैंने यहां से देश को कुछ गारंटियां दी थी।** उस समय देश की इच्छा थी कि दुनिया में भारत की साख बढ़े, यह हमने करके सिखाया। अयोध्या में प्रभु राम का भव्य मंदिर का निर्माण कराया है, जहां आज प्रभु श्रीराम लला के दर्शन पूरा देश कर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग, भगवान राम को काल्पनिक बताते थे, जो कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में प्रभु राम का मंदिर बने, वे भी आज जय सिया राम बोलने लगे हैं। **दशकों तक कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर रोड़े अटकाए थे। मैंने देशवासियों को गारंटी दी थी कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाकर रहूंगा।** कांग्रेस की लाख कोशिशों के बावजूद आज आर्टिकल 370 इतिहास के पन्नों में खो गया है। लोगों ने एक और संकल्प लिया है ओर जनता जनार्दन कह रही है कि जिसने धारा 370 को हटाया है, उस भारतीय जनता पार्टी का तिलक 370 सीटों से होगा और एनडीए को 400 पार।

**माननीय प्रधानमंत्री जी ने रेवाड़ी में पूर्व सैनिकों को दी गई वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) की गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ओआरओपी के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट रखकर वन रैंक वन पेंशन लागू करने का झूठ बोलने का काम किया था।** हमने सत्ता में आते ही ओआरओपी को लागू किया और अभी तक पूर्व सैनिकों को करीब 1 लाख करोड़ रुपये मिल चूके हैं, जिसमें हरियाणा के भी पूर्व सैनिक लाभान्वित हुए हैं। जिला रेवाड़ी में ही इस योजना के तहत सैनिक परिवारों

को 600 करोड़ रुपये से ज्यादा मिले हैं। उन्होंने कहा कि जितना पैसा रेवाड़ी के सैनिक परिवारों को मिला है, कांग्रेस ने उससे भी कम यानि 500 करोड़ रुपये पूरे देश के पूर्व सैनिकों के लिए बजट रखा था। ऐसे ही झूठ व धोखेबाजी के कारण ही कांग्रेस को देश ने नकार दिया। आज रेवाड़ी में देश के 22वें एम्स का शिलान्यास किया है और इसका लोकार्पण भी हम ही करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में 15 नये एम्स स्वीकृत किए जा चूके हैं। आजादी के बाद से 2014 तक देश में करीब 380 मेडिकल कॉलेज बने थे, जबकि पिछले 10 वर्षों में 300 से अधिक नए मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं। हरियाणा में भी हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज बनाने का काम तेजी से चल रहा है। **माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड देश की आधी से अधिक आबादी को दशकों तक छोटी छोटी जरूरतों से दूर रखना, एक परिवार के हित को देश और**



# साप्ताहिक सूचना पत्र

**देशवासियों के हित से ऊपर रखना, इतिहास के सबसे बड़े घोटालों, आतंकवाद और अलगाव वाद को बढ़ावा देना तथा सेना व सैनिक को कमजोर करने का रहा है।** आज भी कांग्रेस की टीम वही है, नेता व नीयत भी वही है, उन सब की निष्ठा एक ही परिवार के लिए है, तो निति भी वही होगी, जिसमें लूट, भ्रष्टाचार व बर्बादी है।

**पिछले 10 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने गरीब कल्याण की जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनको शत प्रतिशत लागू करने में हरियाणा अव्वल है।** यहां खेती के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई है, उद्योगों का दायरा भी निरंतर बढ़ रहा है। दक्षिण हरियाणा को विकास में पीछे रखा गया था, वो आज तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस–वे हरियाणा के गुरुग्राम, पलवल और नूहं जिलों से होकर गुजर रहा है। **वर्ष 2014 से पहले हरियाणा में रेलवे के विकास के लिए हर वर्ष औसतन 300 करोड़ रुपये का बजट मिलता।** इस वर्ष के बजट में हरियाणा में रेलवे के लिए करीब 3000 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। **दक्षिण हरियाणा के किसानों को पानी की समस्या रहती थी, राज्य सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किया है।**

कपड़ा और परिधान **उद्योग में हरियाणा का बड़ा नाम बना है। निर्यात में 35 प्रतिशत कालीन और 20 प्रतिशत परिधान हरियाणा में बन रहा है।** दुनिया की सैंकड़ों बड़ी कंपनियां हरियाणा से चल रही हैं और युवाओं को रोजगार मिला है। भारत में निवेश के लिए हरियाणा एक उत्तम राज्य के रूप में उभर रहा है, जिससे नौकरियों के नये अवसर भी बढ़ रहे हैं। डबल ईंजन की सरकार हरियाणा को विकसित राज्य बनाने के लिए काम कर रही है। टेक्नोलॉजी से टेक्सटाइल और टूरिज्म से ट्रेड तक नए अवसर भी बढ़ रहे हैं। पारंपरिक कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना चलाई जा




रही हैं। मोदी की गारंटी उसके साथ है, जिसके पास गारंटी देने के लिए कुछ भी नहीं हैं। हमने पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम स्वनिधि, मुद्रा योजना, उज्जवला योजना व नल से जल जैसी अनेकों योजनाएं चलाकर देशवासियों के जीवन को खुशहाल बनाया है।

इसके अतिरिक्त, **पिछले 10 सालों में देशभर में 10 करोड़ बहनों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा है, जिसमें हरियाणा की भी लाखों बहनें शामिल हैं।** इस बार के बजट में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि अब तक 1 करोड़ लखपति दीदी बना चुके हैं। उन्होंने हरियाणा के पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का आह्वान किया कि डबल ईंजन की सरकार को इसी तरह से आपका आर्शीवाद मिलता रहे।

इस अवसर पर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, जब देश के 22वें



एम्स का यहां शिलान्यास हुआ है। वर्ष 2013 में प्रधानमंत्री जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय देश की जनता उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देख रही थी, उनकी प्रधानमंत्री की वो यात्रा 15 सितंबर, 2013 को रेवाड़ी की धरा से ही आरंभ हुई थी।

यहां के **लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी कि एम्स का केंद्र खोला जाए और आज उसका शिलान्यास हुआ है। हरियाणा सरकार द्वारा भी प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की जो एक मुहिम चलाई हुई है, उस मुहिम में भी यह एम्स एक बड़ा महत्त्व रखता है।** इस एम्स से न केवल दक्षिण हरियाणा के लोगों को बल्कि राजस्थान के लोगों को भी बहुत बड़ा लाभ मिलने वाला है। उन्होंने इस एम्स के लिए माजरा गांव के लोगों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपनी पंचायती जमीन दी है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने **लगभग 5500 करोड़ रुपये की लागत से गुरुग्राम मेट्रो प्रोजेक्ट का शिलान्यास करने के लिए भी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस मेट्रो सेवा से देश–विदेश के लोगों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा का अपना पहला हवाई अड्डा जिला हिसार में बन रहा है।** बहुत जल्दी वहाँ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की भी शुरुआत की जाएगी। इसी प्रकार रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए भी प्रधानमंत्री ने आज रोहतक से हांसी रेल लाइन का शुभारंभ किया है।

आज का दिन सांस्कृतिक महत्त्व की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र का उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हरियाणा दिन रात प्रगति कर रहा है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि केंद्र की हरियाणा से जो भी अपेक्षाएं हैं, उसे हम पूरा करेंगे।

# सरप्लस बरसाती पानी के सदुपयोग को लेकर राजस्थान व हरियाणा के बीच हुआ डीपीआर बनाने का समझौता

(दिनांक 17.02.2024)



**प्रभाव :** मानसून के दौरान, जो बरसाती पानी नदी के जरिए समुद्र में व्यर्थ बह जाया करता था, उसके सदुपयोग व बाढ़ से बचाव को लेकर हरियाणा व राजस्थान के बीच डीपीआर अर्थात् विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का समझौता हुआ है। **नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत,माननीय मुख्यमंत्री जी और राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।** इस समझौते में बरसात के दिनों में यमुना

# साप्ताहिक सूचना पत्र

नदी के जरिए पानी समुद्र में बह जाता था, उसको स्टोर करके सदुपयोग करने की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। हरियाणा की पश्चिमी जमुना नहर( डब्ल्यूजेसी) की सरकार ने क्षमता 18000 क्यूजिक से बढ़ाकर 24000 क्यूजिक कर दी है, **इस समझौते के अंतर्गत बरसात के दिनों में अपनी पूरी क्षमता में चलने के साथ उसका इस्तेमाल हरियाणा के सूखाग्रस्त इलाकों में करने के साथ ही पूरे प्रदेश को लाभ होगा और राजस्थान को भी पानी दिया जाएगा।**

इस पानी का हरियाणा के बॉर्डर एरिया के जिलों भिवानी, चरखी दादरी और हिसार के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में उपयोग किया जा सकेगा। समझौते के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत ने कहा कि **राजस्थान और हरियाणा के बीच में सरप्लस बरसाती पानी के सदुपयोग को लेकर डीपीआर बनाने का समझौता हुआ है। राजस्थान व हरियाणा के सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।** जिससे पूरे प्रदेश को लाभ होगा और राजस्थान को अंडर ग्राउंड पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाया जाएगा। इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मानसून के मौसम के दौरान बरसात के पानी के बेहतर उपयोग और एक–एक बूंद के सदुपयोग को लेकर राजस्थान के साथ समझौता हुआ है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारे बॉर्डर पर स्थित जिलों के अलावा पूरे प्रदेश को डब्लूजेसी की बढ़ी हुई क्षमता से ज्यादा पानी मिलेगा और राजस्थान को भी पानी दिया जा सकेगा। **समझौते में चार पाइप लाइन बिछाई जाएगी जिनमें से 2500 क्यूजिक की तीन पाइपलाइन राजस्थान के लिए होंगी तथा चौथी पाइपलाइन से राजस्थान बॉर्डर पर हरियाणा के तीन जिलों भिवानी, चरखी दादरी व हिसार के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी की आवश्यकता पूरी की जाएगी।**

इस एरिया में भूमिगत पाइप लाइन बिछाई जाएगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि दिल्ली के साथ जैसा समझौता हमारा चल रहा है, वह भी इसमें शामिल होगा। **राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वह माननीय मुख्यमंत्री व केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह का आभार जताते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय से बरसाती पानी के सदुपयोग के लिए यह लंबित योजना थी, जिस पर ध्यान नहीं दिया गया क्योंकि कांग्रेस की सरकार कभी इस तरीके की बातों पर ध्यान नहीं देती है।** राजस्थान में तीन पाइपलाइन बिछाई जाएंगी। इसको लेकर डीपीआर के लिए हमारी सहमति बनी है। हरियाणा का हिस्सा हरियाणा के पास ही रहेगा। हमारे तीन जिले चुरू,सीकर और झुंझुनू में पानी की बहुत दिक्कत है, जिनमें पानी की किल्लत दूर होगी। इस मौके पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और राजस्थान सीएम श्री भजन लाल शर्मा को हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 'हरियाणा सरकार के अतुलनीय 9 वर्ष पुस्तक भी भेंट की।



# गुरुग्राम में होगा मैराथन–2024 का आयोजन

(दिनांक 17.02.2024)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने तथा रचनात्मक कार्यों के प्रति लीन रहने के लिए कई अनूठी पहल की जा चुकी है। इसी कड़ी में अब एक ओर पहल करते हुए **25 फरवरी, 2024 को जिला गुरुग्राम में एक विशाल मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है।** चार भागों में करवाई जाने वाली **इस मैराथन रेस में गुरुग्राम और आसपास के इलाकों से 25 हजार से अधिक धावकों के भाग लेने की उम्मीद है।** क्रिकेटर शिखर धवन तथा अन्य सेलेब्रिटी के आने से यह मैराथन और भी आकर्षक बनेगी। इस प्रतियोगिता में कई नामी धावक भाग लेंगे और विजेताओं को 15 लाख से अधिक राशि के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**मैराथन से पहले 22, 23 और 24 फरवरी की दोपहर तक लेजर वैली में मैराथन एक्सपो का भी आयोजन होगा,** जिसमें पंजीकृत धावकों को किट बांटी जाएंगी। **मैराथन–2024 के दौरान मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।** इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रनर्स क्लब, खिलाड़ी, विश्वविद्यालय, स्कूल, कालेजों के विद्यार्थी, बीएसफ, सीआरपीएफ, एनएसजी आदि बलों के जवान, निजी उद्यम क्षेत्र के खिलाड़ी कर्मचारी, रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सडक सुरक्षा संगठन के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। मैराथन में हिस्सा लेने के लिए gurugrammarathon-com वेबसाइट पर कोई भी नागरिक अपना निर्धारित शुल्क अदा कर रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।